बिहार में कोढ़ का नियंत्रण

*२१६७. **ठाकुर युगल किशोर सिंह :** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) बिहार राज्य में कोढ़ के नियन्त्रण के लिये कुल कितने नियंत्रण यूनिट स्वीकृत किये गये हैं ; और

(ख) कितने यूनिट वहां पहले से ही काम कर रहे हैं और इस साल के दौरान कितने और यूनिट बढ़ाये जायेंगे ?

स्वास्थ्य मंत्री (राजकुमारी अमृत कौर): (क) तीन ।

(ख) बिहार में तीन केन्द्र पहले से ही काम कर रहे हैं । इनके अलावा बिहार सरकार ने पांच और केन्द्रों की मांग की हैं । इस पर विचार किया जा रहा हैं ।

गन्ने की खेती

*२१९९. **श्री अमर सिंह डामर :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि १९५३-५४ के दौरान कुल कितनी एकड़ भूमि पर खाद्य फसलों के स्थान पर गन्ने की खेती की गई ?

खाद्य तथा कृषि उपमंत्री (श्री एम० वी० कृष्णप्पा): पूछे हुए विषय के बारे में जानकारी अभी उपलब्ध नहीं हैं । लेकिन सन् १९५३-५४ में गन्ने की कुल खेती केवल ३५.९८ लाख एकड़ भूमि में की गई जब कि सन् १९५०-५१ से १९५४-५५ तक गन्ने की औसतन भूमि ४१.९९ लाख एकड़ रही ।

हिन्दी में तार

*२२०२. **श्री अमर सिंह डामर :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अगले वर्ष सरकार कितने तारघरों में हिन्दी में तार भेजने की व्यवस्था करने का विचार कर रही हैं

संचार उपमंत्री (श्री राज बहादुर): ठीक संख्या बताना कठिन हैं । परन्तु प्रयत्न किया जावेगा कि पहले बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, सेंट्रल व बम्बई हल्कों के जिलों के प्रधान नगरों में व उसके बाद अन्य सब हल्कों के प्रमुख स्थानों में ऐसी व्यवस्था की जा सके ।

जबलपुर के निकट खान दुर्घटना

७१७. **श्री रघुनाथ सिंह :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि ८ फरवरी, १९५५ को जबलपुर से लगभग छः मील की दूरी पर खमरिया युद्ध सामग्री के कारखाने के निकट एक खान धंस गई थी ;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना के कारण क्या थे ;

(ग) इस दुर्घटना में कितने व्यक्ति मरे और कितने घायल हुये ; और

(घ) मृतक व्यक्तियों के परिवारों को कितना प्रतिकर दिया गया ?

श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली): (क) और (ख). जी, नहीं । किन्तु ८ फरवरी १९५५ को खमरिया युद्ध सामग्री के कारखाने के कुछ मजदूर जब कारखाने के चक में मकानों की मरम्मत के लिए मुरम खन रहे और एकत्र कर रहे थे तो खाई का एक सिरा ढह गया ।

(ग) एक मजदूर मरा और दो मजदूरों को चोटें लगीं ।

(घ) प्रतिकर देने के प्रश्न पर कारखाने के अधिकारी विचार कर रहे हैं ।

ENGINEERING SUPERVISORS

718. **Thakur Jugal Kishore Sinha:** Will the Minister of Communications be pleased to: (i) lay on the Table of the House a copy of the rules for the fixation of seniority of Engineering Supervisors in the Posts and Telegraphs Department; and (ii) state whether it is a fact that the seniority of 32 civilian supervisors recruited during 1941 was affected by the batch of Supervisors of 1943, thus contravening the rules on the subject?